# रांची नगर निगम के कर्मियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली, निकाली जागरूकता रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रांची नगर निगम के पदाधिकारियों/कर्मचारियों ने सोमवार को रांची नगर निगम के कार्यालय के सामने पर्यावरण संरक्षण के संबंध में शपथ ली। इसके बाद सहायक प्रशासक के नेतृत्व में रांची नगर निगम कार्यालय से परमवीर चक्र विजेता शहीद अलबर्ट एक्का चौक तथा वापस निगम कार्यालय तक पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गयी। मौके पर सहायक लोक स्वास्थ पदाधिकारी डॉ किरण कुमारी, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक, एसएचजी की महिलाओं के साथ-साथ सैकड़ों आम नागरिक उपस्थित थे।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रशासक, रांची नगर निगम शशि रंजन ने मोरहाबादी स्थित चिल्ड्रन पार्क परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण संतुलन में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। पर्यावरण की सुरक्षा मनुष्य जीवन से जुड़ा विषय है। पर्यावरण का संरक्षण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि हमें हर हाल में अपने शहर में हरियाली बनाये रखने की आवश्यकता है। हमें आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए पर्यावरण को सुरक्षित करने का संकल्प आज लेना चाहिए। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि अपने-अपने क्षेत्रों में पौधरोपण करें, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शहर को स्वच्छ एवं रमणीक बनाया जा सके। मौके पर सहायक प्रशासक ज्योति कुमार सिंह, सहायक लोक स्वास्थ पदाधिकारी डॉ किरण कुमारी, नगर प्रबंधक, एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रशासक, रांची नगर निगम के निर्देश पर सभी 53 वार्डों में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। प्रत्येक वार्ड में सफाई के लिए कार्यरत कर्मचारियों ने 15-15 पौधे अपने-अपने वार्ड में लगाये एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ ली। वार्ड के नागरिकों के बीच पौधा वितरण भी किया गया और पौधे लगाने और अपने आस-पास साफ-सफाई रखने के लिए जागरूक किया गया।

इसके अलावा डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण में विशेषकर कूड़ा के पृथक्करण को ध्यान रखने तथा सूखा एवं गीला कचरा को अलग-अलग डस्टबिन में रखने को जागरूक किया गया। इसके अलावा, आज बड़े पैमाने पर वार्डवार विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत ग्रास कटिंग, झाड़ू, कूड़े का उठाव इत्यादि कार्य समुचित रूप से किया गया। साथ ही, मानसून के मद्देनजर प्रत्येक वॉर्ड में छोटे एवं बड़े नालियों की सफाई की गयी और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया और सभी मुख्य मार्गों के अलावा सभी गली-मोहल्ले में पूर्ण कूड़े का उठाव सुनिश्चित किया गया। शहर के विभिन्न स्थानों में अधिष्ठापित माड्यूलर टॉयलेट की भी सफाई की गयी। इसके अलावा, विशेष कैंप लगाकर जन शिकायतों को भी दर्ज करा कर निष्पादित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर रांची नगर निगम द्वारा पहाड़ी मंदिर परिसर में विभिन्न पेड़ों यथा जामुन, करंज, पीपल, नीम इत्यादि के बीज को फेंका गया। वर्षा ऋतु की पहली बारिश में ये बीज अंकुरित होकर पौधे का रूप ले लेंगे।

## पर्यावरण दिवस पर मेकॉन में पौधरोपण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मेकॉन लिमिटेड और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), झारखंड राज्य केंद्र, रांची ने संयुक्त रूप से पौधरोपण कार्यक्रम, प्रतिज्ञा समारोह और बीट द प्लास्टिक पॉल्यूशन विषय पर तकनीकी वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान मेकॉन लिमिटेड के निदेशक (वित्त) मुकेश कुमार, वरिष्ठ अधिकारियों और महिला कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। वही हरित और दीर्घकालिक पर्यावरण संरक्षण और निर्माण के लिए एक शपथ समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु स्वयं को फिर से समर्पित करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर बीट द प्लास्टिक पॉल्यूशन विषय पर एक तकनीकी वार्ता भी आयोजित की गई। मेकॉन के पर्यावरण अभियांत्रिकी विभाग और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों और पर्यावरण के संरक्षण के उपायों के बारे में चर्चा की। जेवीएम श्यामली के विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए।

## जान जोखिम में डाल पानी लातीं बिरसा चौक की बेटियां



फोटो : समीर

## प्रधान न्यायायुक्त ने कहा, प्रकृति और मानव का रिश्ता पुराना व अटूट

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार को सिविल कोर्ट परिसर में पौधरोपण किया गया। प्रधान न्यायायुक्त एके राय ने पौधरोपण करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। आज हमें पर्यावरण के संरक्षण, संवर्द्धन और विकास का संकल्प लेने की आवश्यकता है। प्रकृति और मानव का रिश्ता पुराना है, यह एक अटूट संबंध है, लेकिन आधुनिकता और बढ़ती व्यस्तता के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। इस अवसर पर हमें जल, वायु और धरती को शुद्ध रखने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान जज मनीष, आरडीबीए के अध्यक्ष एसपी अग्रवाल, महासचिव संजय कुमार विद्रोही के अलावा न्यायिक पदाधिकारियों, वकीलों एवं कर्मचारी समेत अन्य की उपस्थिती रही।

# एचइसी कर्मियों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजा त्राहिमाम पत्र

## पिछले 16 महीने से नहीं हुआ है वेतन का भुगतान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पिछले 16 माह से वेतन की आस में बैठे एचइसी के कर्मियों ने अब राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से वेतनमान के लिए फरियाद लगानी शुरू कर दी है। कर्मी राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड, लिफाफा भेजकर उनसे गुहार लगा रहे हैं कि उनकी तंगहाली को दूर करने की पहल हो।

इसके जरिये कर्मियों ने बताया है कि एचइसी भारत सरकार का उपक्रम है। पिछले दो वर्षों से इसके भविष्य को लेकर सवाल खड़े हो गये हैं। एशिया के इस सबसे बड़े उद्योग कंपनी को बचाया जाये। आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही



...इंजीनियरिंग कारपोरेशन लि., रांची के अफसरों का 16 माह से लंबित वेतन भुगतान के संबंध में

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि मैं [redacted] हेवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन, रांची मे कार्यरत हूं। मेरी कंपनी मे पिछले 16 माह का वेतन भुगतान लंबित है जिसके कारण मैं आर्थिक एवं मानसिक रूप से तनावग्रस्त हो गया हूं। वेतन भुगतान ना होने से मैं अपना एवं अपने परिवार के दैनिक जरूरतों को भी पूरा करने मे असमर्थ हूं।

इस कंपनी के करीब 3000 कर्मियों को 16 माह से वेतन नहीं मिला है। इसके लिए पिछले 6 माह से कर्मियों के साथ साथ अफसर भी शांतिपूर्ण आंदोलन कर पैसों की मांग कर रहे हैं। इसके अभाव में बच्चों की पढ़ाई, इलाज और दूसरी समस्याएं विकट होती जा रही हैं। अगर केंद्र ने सहयोग नहीं किया तो कंपनी स्वतः बंद हो जायेगी। इस कंपनी में काम करने वाले सड़कों पर आ जाएंगे। ऐसे में कंपनी को आर्थिक सहयोग देते हुए कर्मियों को वेतन भी दिया जाय।

**अफसरों को भी पैसों के लाले :** मालूम हो कि कर्मियों के अलावे एचइसी के अफसर भी पीएम, राष्ट्रपति से फरियाद करने लगे हैं। उनके मुताबिक कंपनी का कोर कैपिटल समाप्त होने को है। हर माह वेतन आदि पर सात करोड़ रुपये से अधिक खर्च होते हैं। यह राशि भी कंपनी हर माह एकत्र नहीं कर पा रही है। कोर कैपिटल के अभाव में उत्पादन का ग्राफ पूरी तरह से गिर गया है। वर्ष 2020 में भी कोरोना के कारण कंपनी उत्पादन लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी थी। वर्ष 2021 के दूसरी तिमाही में ही कंपनी का उत्पादन पूरी तरह से ठप हो गया। वर्तमान में कंपनी कुछ महत्वपूर्ण काम कर रही थी, उसका भी काम बंद हो गया है। वर्तमान में कंपनी में स्थायी, अस्थायी कर्मियों की संख्या करीब 3100 है। जो हालात हैं, उसमें अगले दो-चार माह में कंपनी के भविष्य पर गहरे सवाल खड़े हो जायेंगे।

## तेजस्वी डेवलपर्स के निदेशक से मांगी एक करोड़ की रंगदारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** तेजस्वी डेवलपर्स के निदेशक मुन्ना कुमार से एक करोड़ की रंगदारी मांगने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। बताया जाता है कि इस्टर्न मॉल के सातवें तल्ले पर स्थित मुन्ना कुमार के ऑफिस में पांच लोग आये और कहा कि अगर तेजस्वी रेसिडेंसी को विकसित करना है तो एक करोड़ की रंगदारी देनी होगी।

पांचों लोगों ने मुन्ना कुमार को पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि पैसा नहीं दिये तो सीसीटीवी एरिया से बाहर आते ही तुम्हारी हत्या कर दी जायेगी। दर्ज प्राथमिकी में मुन्ना कुमार ने यह भी लिखा है कि उन्हें धमकी दी गयी है कि तीन-चार लोगों की हत्या होनी तय है। इस घटना के बाद वे काफी भयभीत है। उन्होंने पुलिस को घटना वाले दिन का सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया है। थाना प्रभारी ममता कुमारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मामले में जिन पर आरोप लगाया गया है उनसे प्रॉपर्टी का विवाद पूर्व से चल रहा है। मामला कोर्ट में भी चल रहा है।

## नशा का कारोबार करने वाले को गोंदा थाना पुलिस ने दबोचा

**रांची।** रांची के गोंदा थाना पुलिस को सफलता मिली है। नशा का कारोबार और तस्करी करने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। वहीं उसके पास से भारी मात्रा में गांजा के साथ ब्राउन शुगर बरामद हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर टंगराटोली हातमा में पुलिस ने छापेमारी की थी। जहां से 13 पुड़िया ब्राउन शुगर, 600ग्राम गांजा, 75 हजार रुपए कैश के साथ 6 मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किया है। इस मामले में गिरफ्तार भोलू मिर्धा से पूछताछ की जा रही है। टीम में डीएसपी सदर, थाना प्रभारी गोंदा के साथ पुलिस बल की टीम शामिल थी।

## एमिटि ने किया मिशन लाइफ का समर्थन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत सरकार के 'मिशन लाइफ' का समर्थन किया। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक अध्यक्ष और चांसलर के विजन और मिशन के साथ आगे बढ़ते हुए एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड द्वारा 5 जून 2023 को एचईसी कोर कैपिटल एरिया, नयासराय में अपने नया परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर मानव और पर्यावरण के बीच संबंधों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। डॉ. अशोक के. श्रीवास्तव, प्रो वाइस चांसलर, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने अपनी हार्दिक बधाई दी। इस अवसर के मुख्य अतिथि, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची के वैज्ञानिक डॉ. एम. राजेश्वर प्रसाद ने भारत सरकार (जीओआई) की मिशन लाइफ पहल पर जोर दिया, जो जीवन शैली के प्रति व्यक्तिगत और सामूहिक कार्रवाई पर केंद्रित है।

## सीएमपीडीआइ में मना पर्यावरण दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को मुख्यालय परिसर में पर्यावरण झंडा फहराया। मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) आरएन झा, निदेशक (तकनीकी/ईएस) शंकर नागाचारी, क्षेत्रीय संस्थान-3 के निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्षगण के अलावा मुख्यालय एवं क्षेत्रीय संस्थान-3 के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

इस मौके पर सीएमडी मनोज कुमार ने कर्मियों को पर्यावरण शपथ दिलाई एवं कोल इंडिया के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल का संदेश पढ़ा गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में पर्यावरण संरक्षण के महत्व एवं सतत आदतों को अपनाकर प्लास्टिक प्रदूषण को मात देने की आवश्यकता के बारे में बताया।

इस अवसर पर पर्यावरण दिवस और मिशन लाइफ (लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट) के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं के सभी विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इसके प›ात पौधारोपण अभियान का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सीएमपीडीआई ने प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर एक व्याख्यान भी आयोजित किया। इस व्याख्यान के मुख्य अतिथि प्रो गोपाल पाठक, कुलपति, सरला बिरला विश्वविद्यालय ने पर्यावरण पर प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे के बारे में विस्तार से बताया और पर्यावरण संबंधी प्रोटोकॉल और अधिनियम जैसे मॉन्टियल प्रोटोकॉल एवं पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम-1986 के बारे में जागरूक किया। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए प्लास्टिक को कम करने (रिड्यूस), पुनः उपयोग (रीयूज),रिसाइकल,अस्वीकार करने (रीफ्यूज) और प्लास्टिक को अपने जीवनशैली से हटाने (रिमूव) का मंत्र दिया।

## सीसीएल कर्मियों ने मिशन लाइफ के साथ पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली

खबर मन्त्र ब्यूरो



### सीसीएल में धूम-धाम से मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में निदेशक हर्ष नाथ मिश्र, पवन कुमार मिश्रा, बी. साईराम, सीवीओ, पंकज कुमार, विभागाध्यक्ष (पर्यावरण) राज कुमार सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में निदेशकगण एवं सीवीओ द्वारा पर्यावरण ध्वज को फहराया गया। इस अवसर पर कर्मियों ने मिशन लाईफ के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का शपथ लिया। इसके उपरांत निदेशकगण एवं सीवीओ ने पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर निदेशक (वित्त), पवन कुमार मिश्रा ने अध्यक्ष, कोल इंडिया, प्रमोद अग्रवाल का पर्यावरण संदेश पढ़कर सभी को सुनाया एवं सभी से पर्यावरण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

निदेशक तकनीकी बी साईराम ने उपस्थित सभी को पर्यावरण के लिए प्रेरित करते हुये कहा कि हम दैनिक जीवन में अपने छोटे-छोटे योगदान देकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वहपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीसीएल द्वारा खनन के उपरांत वृहद स्तर पर पौधारोपण कर ईको पार्क को विकसित किया जाता है। सीसीएल हर वर्ष अपने कमांड क्षेत्रों में वृहद स्तर पर पौधारोपण करता है। इस वर्ष भी 220 हेक्टेयर भूमि पर पौधारोपण करने का लक्ष्य है।

निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने सभी से पर्यावरण में अपना योगदान अधिक से अधिक देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदुषण के समाधान पर विस्तार से चर्चा करते हुये आग्रह किया कि आप स्वयं भी आगे बढ़कर पर्यावरण संरक्षण पर कार्य कर सकते है।

निदेशक (वित्त), पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि अपने जीवन में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोपरि स्थान देना होगा ताकि हमारी अगली पीढ़ी पर्यावरण का लाभ ले सकें।

सीवीओ पंकज कुमार ने कहा कि जल, वायु जीवन के लिए अति आवश्यक है और हमें इसे अगली पीढ़ी के लिए सहेज कर रखना है। उन्होंने कहा कि उन्नति के साथ-साथ पर्यावरण भी जरूरी है। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के सभी पहलूओं पर ध्यांन देना होगा।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण दिवस के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। ज्ञातव्य हो कि कमांड क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पौधा एवं जुट बैग का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन मुख्य प्रबंधक (पर्यावरण), सुश्री संगीता ने किया।

# पर्यावरण हम सभी के लिए महत्वपूर्ण : सीपी सिंह

## परिवर्तन संस्था ने पहाड़ी मंदिर परिसर में 101 पौधों का रोपण कर मनाया पर्यावरण दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर परिवर्तन संस्था ने शेयर द प्लांट, सेव द प्लेनेट मिशन के तहत आज रांची के पवित्र और प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर की परिसर में 101 पौधों का पौधारोपण किया गया। वृक्षारोपण के दौरान अतिविशिष्ट मान्यता रखने वाले कल्पतरू के वृक्ष का भी पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह रांची के लोकप्रिय विधायक श्री सीपी सिंह ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा को समर्पित है। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जब हम सभी मिलकर पृथ्वी के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त कर सकते हैं। पर्यावरण हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारी स्वास्थ्य, सुरक्षा, और आगे की पीढ़ियों के लिए यह अनिवार्य है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रांची के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि पर्यावरण दिवस हमारी पृथ्वी के भविष्य के लिए हमारी जिम्मेदारी को जागृत करता है। यह हमें याद दिलाता है कि हम अपने नेतृत्व, सहयोग, और कर्म से साझा संकल्प से एक सुरक्षित, स्वस्थ, और सुस्ती पूर्ण पर्यावरण की ओर प्रगति कर सकते हैं। हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम एक प्राकृतिक संतुलन की दिशा में अपने जीवन को आगे बढ़ाने के लिए योगदान करेंगे।

वृक्षारोपण कार्यक्रम को संस्था की सचिव श्रेया तिवारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अमित तिवारी, पूजा सिन्हा, अपराजिता मिश्रा, श्रेया तिवारी, जेडी गोयनका के प्रचार्य डॉ सुनील कुमार, काजल पाठक, गौतम सिंह, अपराजिता मिश्रा, सुनील यादव, मधुकर सिंह, अरविंद कुमार, रामू प्रजापति, निशा, अमित कुमार, नितीश सिंह, अनुराग यादव, वीणा, प्रदीप यादव, संतोष साव, अभिषेक शुक्ला, विशाल यादव, रोहित आदि उपस्थित थे।

## पुलिस वाले के घर ही चोरों ने लगा दी सेंध, लाखों का सामान ले उड़े

**रांची।** रांची में इन दिनों चोरों के आतंक से आम आदमी तो परेशान है। वहीं इन चोरों ने पुलिस वालों की नाक में भी दम कर रखा है। जिससे समझा जा सकता है कि चोरों को किसी का खौफ नहीं है। शहर में जनता की सुरक्षा का जिम्मा जिनके कंधों पर है वे पुलिस वाले भी सुरक्षित नहीं है। ऐसा ही मामला रांची के न्यू पुलिस लाइन से सामने आया है। जहां पुलिस जवान के बंद घर पर ही चोरों ने हाथ साफ कर दिया। घर से लाखों रुपए के सामान लेकर फरार हो गए। यह घटना रविवार की है। इसकी जानकारी परिजनों को दूसरे दिन हुई जब आरक्षी गुड्डू कुमार के पुत्र अपने घर पहुंचा। जहां उसने देखा घर में लगा ताला टूटा है। वहीं अंदर जाने पर पाया कि अलमारी में रखा समान पूरी तरह से बिखरा पड़ा है। आरक्षी गुड्डू कुमार ने बताया कि वे 10 दिन की छुट्टी में गांव गये हुए थे।

# भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का करें पालन : राहुल सिन्हा

## उपायुक्त ने इवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा सोमवार को मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम स्थित ईवीएम वेयर हाउस पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपनिर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर कई कर्मचारी उपस्थित थे। आपको बता दें कि उपायुक्त द्वारा समय-समय पर ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया जाता है और इसकी रिपोर्ट राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी जाती है।

रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण करने पहुंचे। ईवीएम वेयर हाउस के निरीक्षण के क्रम में डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कई कर्मचारी उपस्थित थे।

आपको बता दें कि उपायुक्त द्वारा समय-समय पर ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया जाता है। निर्धारित समय पर ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन आयोग को समर्पित करनी होती है।

## आरडीसीआइएस सेल ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

रांची। आरडीसीआइएस, सेल ने सोमवार (5 जून) को #बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन की टैगलाइन के साथ विश्व पर्यावरण दिवस 2023 मनाया। आरडीसीआइएस अपने कार्यपालक निदेशक निर्विक बनर्जी के पर्यावरण के प्रति उत्साही नेतृत्व में अपनी सभी परियोजनाओं एवं कार्यकलापों को अंजाम दे रहा है। पूर्व में, पर्यावरण और प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर सेल कर्मचारियों के बच्चों और आरडीसीआइएस के आसपास के तीन स्कूलों के छात्रों के लिए विभिन्न श्रेणियों में ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। इसके अलावा, रांची इकाइयों के सेल कर्मचारियों के बीच एक निबंध लेखन-सह-प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था इस्पात उद्योग का भविष्य : स्थायित्व के लिए प्लास्टिक का उपयोग।

# पर्यावरण दिवस पर आइएसएम पुंदाग में संगोष्ठी का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आइएसएम, पुंदाग, रांची के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सोमवार को संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें पर्यावरण को हानि पहुंचा रहे प्रदूषण, इसके विभिन्न कारणों और इससे बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर विस्तृत चर्चा की गयी।

मौके पर होटल मैनेजमेंट और एमबीए के छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे प्लास्टिक का उपयोग अपने दैनिक जीवन में नहीं करेंगे। वे समाज में लोगों के बीच प्लास्टिक इस्तेमाल नहीं करने के प्रति जागरूकता पैदा करेंगे। होटल मैनेजमेंट के छात्र मनदीप कुमार और शुभम कुमार ने बताया कि पर्यावरण का महत्व हमारी संस्कृति और धर्मशास्त्रों से मिलता है। सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण को बचाना हम सबों का परम कर्तव्य है। संस्थान के निदेशक डॉ गंगा प्रसाद सिंह ने अपने संदेश में कहा कि पर्यावरण के संरक्षण को हर नागरिक को जिम्मेदार बनने की आवश्यकता है। आह्वान किया कि अधिक से अधिक पेड़ लगाये जायें।

विशिष्ट अतिथि डॉ विष्णु चट्टोपाध्याय, निदेशक, मेसर्स टेक्नो इंडिया ग्रुप झारखंड ने कहा कि मानव प्रकृति का एक अभिन्न हिस्सा है। अतः प्रकृति के पांचों तत्वों को शुद्ध और सात्विक बनाने से ही हमारा भविष्य सुखमय होगा। प्रभारी प्राध्यापक डॉ सुशील कुमार ने कहा कि प्राकृतिक जीवन चक्र को सुरक्षित रखना हमरा दायित्व बनता है। परीक्षा नियंत्रक आरएन भांजदेव ने प्लास्टिक के प्रयोग से स्वास्थ्य पर हो रहे दुष्परिणाम के बारे में बताया। डॉ अंजलि श्रीवास्तव, सहायक अध्यापक ने स्वागत भाषण में पर्यावरण संरक्षण के लिए आइएसएम पुंदाग द्वारा उठायी गयी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। छात्र दीपक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# मनुष्य के अस्तित्व को पर्यावरण आवश्यक : डॉ एसपी अग्रवाल



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। साईं नाथ विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृहद रूप से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल द्वारा विश्वविद्यालय में पौधरोपण कर किया गया। इस अवसर पर 150 से अधिक विभिन्न फलदार एवं इमारती लकड़ियों से संबंधित पौधों को रोपने का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों ने उन्नत भारत अभियान के तहत ग्राम-कुल्ही एवं विश्वविद्यालय के आस-पास के क्षेत्रों में जलाशयों की साफ-सफाई कर प्लास्टिक मुक्त किया तथा ग्रामवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही, विद्यार्थियों ने विश्व पर्यावरण दिवस की थीम- बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आस-पास के ग्रामों में रहने वाले लोगों को जागरूक किया।

इस अवसर पर कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल ने वैश्विक जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरणीय कार्रवाई को बढ़ावा देने में विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व के बारे में चर्चा की। साथ ही, डॉ अग्रवाल ने कहा कि मनुष्य के अस्तित्व के लिए पर्यावरण आवश्यक है। इसके बाद छात्र-छात्राओं के बीच निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया।

# इक्फाई विवि में विश्व पर्यावरण दिवस पर चला पौधरोपण अभियान



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड ने स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान (आईएचएस), आई-3 फाउंडेशन और हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम तरु क्रांतिः एक वृक्ष आपके नाम का आयोजन किया। पौधरोपण अभियान को डॉ. रमण कुमार झा, कुलपति, इक्फाई विश्वविद्यालय, डॉ. सुहास तेतरवे, अध्यक्ष, आईएचएस, डॉ. राजीव गुप्ता, संस्थापक और निदेशक, आई3 फाउंडेशन की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया, एवं एक साल में एक लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया गया।

हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में सुबह 8 बजे, इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज में सुबह 9 बजे और इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड कैंपस परिसर में सुबह 10 बजे कुल 150 पौधे रोपे गए। हरमू अस्पताल के डा. सुहास तेतरवे सहित अन्य स्टाफ ने उपस्थित होकर पौधरोपण किया। डॉ. रमण कुमार झा, कुलपति, इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड, प्रो. अरविंद कुमार, कुलसचिव, विजय नारायण सिन्हा, सहायक कुलसचिव, डॉ. भगवत बारिक, सहायक डीन एवं अन्य संकाय सदस्य, कर्मचारी व छात्रगण भी इस अवसर पर उपस्थित थे और वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। आई-3 फाउंडेशन के संस्थापक और निदेशक डॉ. राजीव गुप्ता ने भी समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिया। आप सभी से आग्रह है कि इस मुहिम से जुड़ें।

# निर्मला कॉन्वेंट में छात्रों ने पौधरोपण कर मनाया वर्ल्ड एनवायरमेंट डे



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को पौधारोपण कर वर्ल्ड एनवायरमेंट डे मनाया। इस ऐतिहासिक दिवस पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया तथा यह शपथ लिया कि अपने आस-पास साफ सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे और अपने पड़ोसियों तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करेंगे। विद्यालय की तरफ से पेंटिंग कंपटीशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग थीम के ऊपर पर्यावरण के महत्व को दशार्या। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा, उप प्राचार्य शिल्पी रानी ने भी वृक्षारोपण किया। श्री शर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण करना राष्ट्र की सच्ची सेवा करने के समान है तथा हम सभी को अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। वहीं, विद्यालय के सचिव सीमा शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में आत्मबल की वृद्धि होती है तथा उन्हें प्रकृति से जुड़ने और उसके महत्व को समझने का अवसर मिलता है। विद्यालय के उप प्राचार्य शिल्पी रानी ने कहा कि ये आज के विद्यार्थी ही भविष्य को बदलने की ताकत रखते हैं और विद्यालय का प्रयास होता है कि ऐसे विद्यार्थियों को हमेशा आगे करें तथा उन्हें हर क्षेत्र में दक्ष बनाने का प्रयास करता रहे। यह सारा कार्यक्रम विद्यालय की शिक्षिका किरण कुमारी के दिशा निर्देश में संपन्न हुआ। विद्यालय सचिव ने पेंटिंग प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका निशा सिंह, अनिमा एक्का, शिवानी कुमारी, निधि कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

## साइकिलिंग कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का दिया संदेश

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में सोमवार को शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के प्रांगण से निकलकर पूरे 5 किलोमीटर तक साइक्लिंग कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। इस क्रम में उन्होंने मोरहाबादी मैदान, ऑक्सीजन पार्क, स्टेडियम के उपरांत ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट की दूरी तय करते हुए डीएसपीएमयू कैंपस पहुंचे। इस दल में डॉ असित कुमार महापात्र, डॉ रियाज हसन, सुमित मिंज, दिलदार पूर्ति, संतोष मुर्मू के अलावा एनसीसी के 27 और 15 अन्य विद्यार्थी शामिल थे। इसके पूर्व पर्यावरण की सुरक्षा के लिए शपथ ली गयी।

### पौधरोपण किया

रांची। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर झारखंड छात्र दल की ओर से डीएसपीएमयू में पौधरोपण का कार्यक्रम चलाया गया। इसमें विश्विद्यालय परिसर में कल्पवृक्ष - स्वर्ग का पेड़ ,अशोक वृक्ष,नीम के पौधे लगाये गये। विश्विद्यालय के कुलपति डॉ टीके शांडिल्य और रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह भी मौके पर उपस्थित थे।

# आरएस फाउंडेशन ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस




खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आरएस फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट ने रांची स्थित बुकरु ग्राम में पौधरोपण कर वर्ल्ड इंवायरनमेंट डे मनाया। ट्रस्ट के सदस्य डॉ श्रीमती रंजना स्वरूप एवं दीपक बंका ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया।

उन्होंने पौधे के महत्व एवं गुण को उजागर करते हुए कहा कि हर मनुष्य को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। ऐसा करने से हम अपने भविष्य को और भी बेहतर बना सकते हैं। पेड़ एवं पौधे की मदद से विभिन्न बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाएं बना सकते हैं। पेड़ से हमें फल, फूल, पत्ते आदि प्राप्त होते हैं, जो विभिन्न कार्यों में उपयोग में लाये जाते हैं। अतः पेड़ हमारे जीवन के लिए अनमोल हैं।

## सीआइटी के विद्यार्थियों ने साइकिल रैली निकाली

रांची। विश्व पर्यावरण दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सीआईटी में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह में विद्यार्थियों ने साइकिल रैली निकाल लोगो को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इसके बाद सड़क पर सामूहिक रूप से सफाई अभियान चलाया। रैली का आयोजन संस्थान से लेकर मासू स्थित मिलन चौक तक किया गया। इसके बाद संस्थान में एन इंस्टियाटिव टू प्रमोट सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज विषय पर भाषण, क्विज व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमे अब्बल स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। बता दें कि कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के एनएसएस व उन्नत भारत अभियान टीम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था। मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ अरशद उस्मानी, प्रो स्वेता सोनाली धाल, प्रो अमित चतुर्वेदी, प्रो बिनोद कुमार, प्रो अभिषेक कौशल,प्रो अपराजिता कुमारी आदि शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## यूनियन बैंक ने आयोजित की यूनियन मुस्कान ग्राहक परिचर्चा

रांची। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने गत शनिवार को यूनियन मुस्कान-ग्राहक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें यूनियन मुस्कान योजना के बारे में ग्राहकों को विस्तार से बताया गया तथा यूनियन मुस्कान योजना के ग्राहक बच्चों हेतु चित्रकारी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 0-18 वर्ष आयुवर्ग के 48 बच्चे तथा उनके अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि तथा चित्रकारी ( ड्राइंग) प्रतियोगिता के निर्णायककर्ता के रूप में रांची शहर के प्रसिद्ध मूर्तिकार अमिताभ मुखर्जी थे। कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख बैजनाथ सिंह, उप अंचल प्रमुख आलोक कुमार आदि उपस्थित थे।

# पर्यावरणीय संसाधनों को भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित रखें : प्रो पाठक

## सरला बिरला विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार को विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने विश्व पर्यावरण दिवस की थीम बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन - इकोसिस्टम रीस्टोरेशन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण की महत्ता तथा आवश्यकता पर सविस्तार प्रकाश डाला।

उन्होंने जल, वायु, जीवन एवं पर्यावरण के प्रति घटित घटनाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारियां प्रदान की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति क्रमिक विकास के काल खंडों के प्राथमिकताओं, नीतियों आदि की विस्तृत चर्चा करते हुए जलवायु परिवर्तन सहित सभी पर्यावरणीय संसाधनों को भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित रखने की अपील की। पर्यावरणीय समस्याओं की चर्चा करते हुए उन्होंने ओजोन लेयर, ग्लोबल वार्मिंग, क्योटो प्रोटोकॉल, ग्रीन हाउस गैस, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के दुष्परिणाम आदि की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सभी लोगों से पर्यावरण के हरसंभव रक्षा के साथ-साथ प्लास्टिक मुक्त परिसर, परिवार एवं क्षेत्र को बनाने की अपील की।

कार्यक्रम का विषय प्रवेश एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ संजीव कुमार सिन्हा ने कराया। संचालन डॉ आरोही आनंद तथा धन्यवाद ज्ञापन नर्सिंग ट्यूटर प्रफुल्लो बरजो ने किया। इस अवसर पर डॉ संदीप कुमार, प्रो एसबी डंडीन, हरि बाबू शुक्ला, आशुतोष द्विवेदी, डॉ आरएम झा, डॉ नीतू सिंघी, डॉ भारद्वाज शुक्ल, आदित्य रंजन, सुभाष नारायण शाहदेव, राहुल रंजन, आशीष, सभी एनएसएस स्वंसेवक, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### गैस सिलेंडर चोरी मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार 101 पीस सिलेंडर और टेंपो जब्त

रांची। खरसीदाग ओपी क्षेत्र में गैस गोदाम से हुए सिलेंडर चोरी मामले में रांची पुलिस को बड़ी सफलता हांथ लगी है। खरसीदाग ओपी पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के 101 सिलेंडर को बरामद किया है। यह सिलेंडर अलग-अलग कंपनी की है। उक्त जानकारी ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने दी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार सभी आरोपी बरियातू और सदर इलाके है। जिसमें बिप्पू कुमार, रमेश कुमार, निशांत कुमार उर्फ प्रिंस कुमार और पंकज कुमार शामिल है। इनलोगों के पास से पुलिस ने 101 पीस सिलेंडर, चोरी में इस्तेमाल टेंपो और तीन मोबाइल जप्त किया है। छापेमारी टीम में नामकुम थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, खरसीदाग ओपी प्रभारी सुखदेव साहा, रवि कुमार केशरी, सुधांशु कुमार समेत पुलिस टीम मौजूद थी।

### पोक्सो मामले का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

रांची। पोक्सो मामले की विशेष अदालत ने सोमवार को नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास करने के मामले के आरोपी अमित केवट को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। गवाही के दौरान पीड़िता पूर्व के बयान से पलट गई। जिसका लाभ आरोपी को मिला। घटना को लेकर पीड़िता ने सिल्ली थाना में 2019 में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि घर लौटने के दौरान आरोपी ने जबरदस्ती करने का प्रयास किया था। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वर्तमान में जमानत पर चल रहा था।

### संस्कृति का राष्ट्रीय सेमिनार और नृत्योत्सव संपन्न

रांची। संस्कृति ने रांची में 2 से 4 जून तक राष्ट्रीय सेमिनार और नृत्योत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन हटिया स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मैन्यूफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी में किया गया था।

### संत जेवियर्स कॉलेज के छात्रों ने लगाये पौधे

रांची। संत जेवियर्स कॉलेज के एनसीसी कैडेट और एनएसएस स्वयंसेवकों ने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छता और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट प्रिया श्रीवास्तव के नेतृत्व में 70 विद्यार्थी इस आयोजन में शामिल हुए। विद्यार्थियों ने संत जेवियर्स कॉलेज में 5 पौधे लगाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जेल पार्क व मोरहाबादी में भी पौधे लगाए और लोगों को जागरूक किया। एनएसएस की ओर ने अल्बर्ट एक्का चौक के पास नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया।

### नीरजा सहाय डीएवी में मना विश्व पर्यावरण दिवस

रांची। नीरजा सहाय डी ए वी में विश्व पर्यावरण दिवस के मद्देनजर छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए एवं किचन गार्डन बनाकर घर पर ही जैविक तरीके से आवश्यक कुछ सब्जियाँ उगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती किरण यादव ने कहा कि इस प्रकार के किचन गार्डन न केवल अवश्यकता पड़ने पर माताओं की मदद करते हैं बल्कि जैविक होने के कारण हमारे स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक हैं। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका तनुश्री चक्रवर्ती ने किया।

### बिरसा मुंडा संग्रहालय सह पार्क में पौधरोपण

रांची। बिरसा मुंडा संग्रहालय सह पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस पर रांची शहरी पेयजलापूर्ति योजना फेज 2 बी के तहत कार्य करने वाली कंपनी जिंदल वाटर इन्फ्रास्ट्रकचर लिमिटेड द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान लगभग 70 पौधे लगाये गए।

### मध्य विद्यालय जगन्नाथपुर में पर्यावरण दिवस मनाया गया

रांची। विश्व पर्यावरण दिवस पर रांची महानगर महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष नीतू देवी ने राजकीय मध्य विद्यालय, जगरन्नाथपुर, रांची के परिसर में वृक्षोरोपण किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मला कुमारी, उपाध्यक्ष विपुला महतो, राजेश रंजन, सुबल कुमार, अनिल कुमार, मिथुन टोप्पो ने पौधे लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

### समर्पण शाखा ने संकल्प लिया 101 पौधा लगाने का

रांची। मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर 101 वृक्ष लगाने का संकल्प लिया । सोमवार को ला कॉलेज काँके रोड में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ।अध्यक्ष स्वेता भाला ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा करना और जागरूकता फैलाना है । श्रीमती भाला ने कहा कि मानव और पर्यावरण एक दूसरे पर निर्भर होते है , वृक्षों का कम होना मानव स्वस्थ पर सीधा असर डालता है , इसलिए शाखा ने 101 वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया है।

### पर्यावरण दिवस पर चिकित्सा शिविर का अयोजन

रांची। वीर बिरसा नगर में पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को मुफ्त आयुष्मान कार्ड रजिस्ट्रेशन सह चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस शिविर में जरूरत मंदों का आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड बनाया गया और विभिन्न भारत सरकार और झारखंड सरकार के योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। इस शिविर का आयोजन मणि त्रिविधा शंकर एजूकेशनल चेरिटेबल ट्रस्ट और ए के डिजिटल सेवा ट्रस्ट के द्वरा किया गया। ।ट्रस्ट के मेंबर्स सभी बिरसा नगर के निवासियों के घर घर जा कर विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराए और उन्हें आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड इत्यादि बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूनम टोप्पो, उपाध्यक्ष, वीर बिरसा नगर द्वारा वृक्षारोपण कर किया गया।

### पर्यावरण दिवस पर गोस्सनर कॉलेज में पौधरोपण

रांची। गोस्सनर कॉलेज के आइक्यूएसी के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के दर्जनों पौधे लगाए गए। कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर इलानी पूर्ति ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध और स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी को पौधा लगाने और बचाने की जरूरत है। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर इलानी पूर्ति, डॉ कोरनेलियुस मिंज अलावे कॉलेज के सभी विभागों और इंटरमीडिएट के शिक्षकों ने भी पौधरोपण किया।

### हरगोविंद महाराज के प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान सजा

रांची। गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा छठे नानक हरगोविंद जी महाराज के 428वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया गया। विशेष दीवान की शुरूआत सोमवार को सुबह आठ बजे भाई महिपाल सिंह द्वारा आसा दी वार कीर्तन से हुई। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथावाचन किया।

### एसआर डीएवी, पुंदाग में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह आयोजित

रांची। एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग एवं सामाजिक और पर्यावरण अनुसंधान केन्द्र तथा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। प्राचार्य संजीत कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध पर्यावरणविद सह झारखंड जैव विविधता परिषद के सदस्य प्रसनजीत मुखर्जी को पौधा भेंट करके स्वागत किया। श्री मिश्रा के संग मिलकर प्रदूषण नियंत्रण के लिये वाटिका में वृक्षारोपण किया। साथ ही संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित विषय बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन के संबंध में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति के शरीर में लगभग पचास हजार प्लास्टिक के कण विविध माध्यमों से प्रवेश करके उन्हें घातक परिणाम तक पहुंचा सकते हैं। इसलिए हम सबको सचेत हो जाना चाहिये ।सरकार के द्वारा प्लास्टिक पर लगाये प्रतिबंध को पूर्ण रूप से लागू करने में अपना भरपूर योगदान देना चाहिये।

स्पीड न्यूज

### दिड़सिर में पर्यावरण जागरूकता रैली

**सोनाहातू।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जेएसएलपीएस के महिला सदस्यों ने दिड़सिर गांव से गलऊ गांव तक जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से लोगों को पौधा लगानेएपॉलिथीन का उपयोग नही करने आदि के विषयों पर बताया गया। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि श्याम कुमार महतो ने शुभारंभ किया गया। मौके पर जिसमें बीपीएम अभिलाषा कुमारी, सीएलसी ललित कुमार, बसन्ती देवी, जलेशरी देवी, रुक्मणी देवी, मुक्ता देवी, लीला देवी मौजूद थे।

### आरोपी शेख अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नामकुम।** नामकुम पुलिस ने थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद कालोनी से शेख अली उर्फ भुतना उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शेख अली पूर्व के कांड में वांक्षित था। वह पुलिस की डर से भागा भाग फिर रहा था। रविवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि वह अपने घर आया हुआ है, जिसके बाद पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### चतरा में लगा नया ट्रांसफारमर

**अनगड़ा।** विधायक राजेश कच्छप के प्रयास से प्रखंड के चतरा पंचायत अर्न्तगत टंगचोखा बिजली का नया ट्रांसफार्मर लगया गया। 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में हर्ष है। इससे उपभोक्ता काफी परेशान थे। नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन संयुक्त रूप से प्रमुख दीपा उरांव, उप प्रमुख जयपाल हजाम विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा ने किया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## विश्व पर्यावरण दिवसः बीसा और बेंती पैना पहाड़ पर लगा पर्यावरण मेला

# जल, जंगल, जमीन को बचाने से ही पर्यावरण रहेगा सुरक्षित

**केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और रामेश्वर उरांव हुए शामिल**

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा ।** प्रखंड के बीसा एव बेती पैना पहाड़ मे विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण मेला का आयोजन किया गया। बेती के पर्यावरण मेला में मुख्य अतिथि के रूप मे केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जबकि बीसा के पर्यावरण मेला में प्रदेश के मंत्री रामेश्वर उरांव उपस्थित थे। इस मौके पर दोनों मंत्रियों ने कहा कि जल जंगल जमीन को बचा कर ही हम पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। कहा कि मानव जाति और अन्य सभी तरह के प्राणियों के लिए पेड़ पौधा को बचाना और लगाना बहुत जरूरी है। तभी हम पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते है। केन्द्रीय मंत्री श्री मुन्डा ने कहा कि प्रखंड में केन्द्रीय योजना के तहत दो एकलव्य विद्यालय का निर्माण किया जाएगा इसके लिए प्रक्रिया जारी है। कार्यक्रम मे केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं मंत्री रामेश्वर उरांव सहित सांसद सजय सेठ विधायक राजेश कच्छप भाजपा सगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह पूर्व विधायक रामकुमार पहान प्रदीप वर्मा जैलेन्द्र कुमार उमेश बड़ाईक सुरेन्द्र महतो सत्यदेव मुन्डा सहित दोनों मेला समिति के सदस्य तथा भारी संख्या में आस पास के ग्रामीण मौजूद थे।

**मेला में मची भगदड़**

मेला के दौरान शाम जंगली हथियो का झूड मेला स्थल के निकट पहुंचने से मेला में शामिल लोगो के बीच भगदड़ मच गया लोग जंगली हाथियों के डर से मेला स्थल से भागने लगे बाद मे हाथियों को वहां से खदेड़ कर जंगल की ओर भगाया गया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पिपरवार में पौधरोपण

**पिपरवार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा के कार्यकताओं ने पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन करके पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया और यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के मौके पर पौधे लगाकर उनके दीघार्यु होने की कामना भी की। पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में महिला मोर्चा एवं सीनियर सिटीजन सेल के सदस्यों ने बचरा 4 नंबर मैदान में पौधरोपण किया। इस अवसर पर पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कहा की भाजपा निरंतर सेवा के कार्य करती रहती है हमारा काम निरंतर चलना हैए रुकना नहीं। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री ने नरेंद्र मोदी ने जब से देश की कमान संभाली है। ग्रीन एनर्जी और स्वच्छ भारत को लेकर बहुत सी योजनाएं शुरू की गई है। जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के लिए जो वैश्विक प्रयास चल रहे हैं।

## इटकीः डायन-बिसाही में महिला की हत्या, कुआं से शव बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के मल्टी गांव में डायन बिसाही का आरोप लगा कर बासो उराईन (60 वर्ष) नामक एक महिला की हत्या कर शव को बोरा में बंद कर बुची दाड़ी स्थित एक कुआं में डाल दिया गया। सूचना पर सोमवार को पुलिस ने शव को बरामद किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक महिला पिछले तीन दिनों से अपने घर से लापता थी। महिला की पुत्री पुष्पा उरांव ने सोमवार को इटकी थाना में आवेदन देकर गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। दर्ज कराये गये मामले में जानकारी दी गयी कि एक जून को बिरसा उरांव ने आठ नामजद व अज्ञात ग्रामीणों के साथ मिलकर बासो के साथ मारपीट की। दो जून की शाम से महिला घर से लापता हो गयी। इस संबंध में पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली कि एक जून को ही गांव में 14 वर्षीय एक बालक की मृत्यु हो गयी थी। बालक के परिजनों ने महिला पर डायन होने की शंका व्यक्त की। पुलिस को आशंका है कि महिला की हत्या डायन-बिसाही के कारण की गयी है। समाचार भेजे जाने तक मृतका के परिजनों द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी की जा रही थी।

## टुंडाहुली मुखिया को कृषि मंत्री ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** पर्यावरण सरंक्षण के लिए बेहतर कार्य करने वाले टुंडाहुली के मुखिया रमेश बेदिया को राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख द्वारा सम्मानित किया गया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रोजेक्ट भवन धुर्वा रांची में आयोजित कार्यक्रम में मुखिया सम्मानित किया गया। आरा-केरम के ग्रामीणों द्वारा गांव में कुल्हाड़ी बंदी (पेड़ों को काटने पर रोक) लगा कर कर जगंल 5000 पेड़ों का संरक्षण किया गया है। वहीं आज आरा-केरम के जंगल में हरे-भरे पेड़ भरे हैं। वहीं जंगली पशु-पक्षियों की भी संख्या बढ़ी है। आरा-केरम गांव पर्यावरण संरक्षण में आज लोगों को लिए मिसाल बन गया है। इसी उपलब्धि के लिए मुखिया को सम्मानित किया गया है। मुखिया को मिले सम्मान के लिए आरा-केरम के ग्रामीण सहित क्षेत्र के लोगों द्वारा मुखिया को बधाई दी गई है।




### आरा-केरम के ग्रामीण और बच्चों ने किया पौधरोपण



**ओरमांझी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरा-केरम में कई फलदार पौधे लगाए गए। मुखिया रमेश बेदिया व ग्राम प्रधान गोपाल राम बेदिया के नेतृत्व में एक पौधरोपन कार्यक्रम आयोजित कर गांव के ग्रामीण व बच्चों के साथ कई फल व छायादार पौधे लगाते हुए जीवन में पेड़ पौधे के महत्व बताते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधरोपण कार्यक्रम लक्ष्मण खरवार, राजेंद्र बेदिया, बाबुराम गोप, राजन गोप, भरत खरवार, प्रमिल महतो, रामदास महतो, सुनील बेदिया, रामेश्वर बेदिया, मुकेश बेदिया, शिक्षक दीपक कुमार, सत्यम पांडेय व विद्यालय के बच्चों के साथ ग्रामीण शामिल थे।

## यौन शोषण के आरोप में कोचिंग संचालक को जमकर पीटा, पुलिस को सौंपा, केस दर्ज

**गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते को किया शर्मसार**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** झिरी रोड में कोचिंग संचालक पशुपति नाथ कुशवाहा पर ट्युशन जाने वाली दो नाबालिग सगी बहनों ने भयादोहन कर आइएएस बनाने का सपना दिखाकर छेड़खानी व यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। सोमवार की दोपहर ग्रामीणों ने पकड़ कर जमकर धुनाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक पशुपति नाथ कुशवाहा बसंत नगर कोकर में रहता था। वह सिवान का रहने वाला है। झिरी में किराये के मकान में तीन साल से कोचिंग सेंटर चला रहा है। सेंटर में आनंदनगर कमड़े से दो किशोरी ट्युशन पढ़ने जाती थी। सोमवार को को दोनों ट्युशन जाने से मना कर पिता को बताई कि सर पूर्व में पढ़ाने के दौरान नाजुक अंगो को छुते हैं। दिल्ली ले जाकर वाट्सअप चैटिंग कर आईएएस का सपना दिखाकर तथा गंदी गाली देकर शारीरिक संबंध बनाया। चुपके से विडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। ब्लैकमेलिंग घर से मां का गहना लाने को कहता है। इसके बाद परिजनों ने कोचिंग संचालक को पकड़कर जमकर धुनाई करने लगे। इस बीच घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे लोगो के चंगुल से छुड़ाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। मामले को लेकर रातू थाने में पोस्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## वाईबीएन यूनिवर्सिटीः प्रश्न पत्र वायरल करने वाला छात्र गिरफ्तार

**नामकुम।** वाईबीएन यूनिवर्सिटी में फार्मेसी की परीक्षा दे रहा एमबीबीएस डाक्टर प्रश्न पत्र और आर्न्सर की वायरल करने के आरोप में गिरफतार। मौके पर मौजूद स्टेटिकल मजिस्ट्रेट ने बताया कि फामर्सुटिकल टू की परीक्षा के दौरान सौरभ कुमार नामक युवक ने परीक्षा केन्द्र के अंदर प्रश्न पत्र बंटने के बाद पैंट से छिपा कर रखा मोबाईल फोन निकाला और उसे अपने मोबाईल में बने एक्जाम 21 नामक व्हाटस एप ग्रुप में डाल दिया। कुछ देर बाद उस ग्रुप में प्रश्न पत्र की आर्न्सर आ गयी। इसी दौरान परीक्षा कक्ष में पहली पंक्ति में बैठे सौरभ पर यूनिवर्सिटी के कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारी की नजर पड़ गयी। कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारी ने सौरभ को मोबाईल निकालते और फोटो खींचते देखा तो सारा मामला समझ में आ गया। मामले की जानकारी तुरंत परीक्षक को दी गयी। जिसके बाद जांच के दौरान सौरभ मोबाईल फोन के साथ पकड़ा गया। मामले में परीक्षार्थी के परिजनों द्वारा केन्द्र पर मौजूद मजिस्ट्रेट पर सौरभ को छोड़ने के लिए दबाव बनाया जाने लगा। इसके बाद केंद्राधीक्षक ने उसके खिलाफ नामकुम थाना में मामला दर्ज कराया।

## हारिन पुल से भारी वाहनों का परिचालन हो बंद

**आजसू पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पथ निर्माण विभाग के सचिव से मिला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के कांची नदी पर बने उच्चस्तरीय हारिन पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने, क्षतिग्रस्त पुल का अतिशीघ्र मरम्मत करने, पुल के नीचे से बालू का अवैध खनन रोकने एवं नए पुल के निर्माण के संबंध में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के नेतृत्व में आजसू पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पथ निर्माण विभाग के मुख्य सचिव सुनील कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मामले की गंभीरता को समझते हुए सचिव सुनील कुमार द्वारा तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बरसात से पहले क्षतिग्रस्त पुल का मरम्मत कार्य कराया जाये तथा निमार्णाधीन पुल की जांच कर विभाग को विस्तृत जानकारी दी जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में आजसू पार्टी प्रतिनिधिमंडल की ओर से सोनाहातू पश्चिमी जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य वीणा मुंडा, केन्द्रीय सचिव सुनील सिंह एवं संजय कुमार महतो, पंचायत प्रभारी रामू सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह मुंडा, समाजसेवी महादेव महतो, प्रखंड अध्यक्ष सोनाहातू पश्चिमी सुषेण प्रमाणिक, प्रखंड अध्यक्ष सोनाहातू पूर्वी रमेश सिंह मुंडा, बुद्धिजीवी मंच के तुलसी महतो, छात्र नेता गदाधर महतो, देवाशीष महतो, पंकज कुमार महतो, अक्षय महतो, अशोक कुमार महतो प्रमोद चंद्र महतो आदि मौजूद थे।



JHARKHAND STATE OPEN UNIVERSITY
(Established by the Government of Jharkhand & Recognised as per Jharkhand Act, 12, 2021)
Opp. Faculty of Forestry, Birsa Agriculture University, Kanke, Ranchi, Pin-834006
Email- registrarjsou@gmail.com, Ph.No.-8929006645

TENDER NOTICE

Sealed Tenders are invited under two Bid System (Part-I: Technical Bid and Part-II: Financial Bid) from the eligible, registered and reputed Firms, Companies, Publishers for Content Development of the Study/Course materials and Course of Study for the Certificate, Diploma and P.G. Diploma courses in Open and Distance Learning (ODL) for Jharkhand State Open University, Ranchi.

Tender documents may be obtained from the office of the Registrar, Jharkhand State Open University, Ranchi on payment of Rs.2000/- (Two Thousand) only in the shape of Bank Draft (non-refundable) payable to the Registrar, Jharkhand State Open University, Ranchi from 06.06.2023 to 26.06.2023 during Office hours (10:30 AM to 04:30 PM).

The last date for obtaining and submission of the Tender document will be 26.06.2023, 04:00 P.M.

By order of the Vice-Chancellor
Registrar
Jharkhand State Open University,
Ranchi

Memo No. : JSOU/R(T-01)/2023/265
Date : 05/06/2023

cmpdi
A Miniratna Company
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, कॉक रोड रांची - 834031, झारखंड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/HZB/02/2023-24 पी0आर0 संख्या 297937 Rural Development (23-24).D में निम्न संशोधन किया जाता है:–

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–06.06.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–दिनांक 06.06.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 14.06.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 15.06.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
8. निविदा खोलने का स्थान एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 17.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे।

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR.NO.299256 Rural Development(23-24):D

### प्लास्टिक के उपयोग पर रोक का संकल्प

**तमाड़।** सुमानडीह पंचायत के बुढ़ाडीह गांव में मुखिया अंजना देवी के नेतृत्व में बुढ़ाडीह गांव के सभी महिला समूहो के साथ मिलकर सोमवार को पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ष्विश्व पर्यावरण दिवसष मनाया। सभी ने मिलकर हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए शपथ लेते हुए पेड़ लगाव अभियान चलाया। मुखिया ने कहा की यह दिन पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए तो है ही। इस अवसर पर हम पर्यावरण के लिए कुछ स्पेशल काम करने का संकल्प भी लेते हैं। इस दिन तरह तरह के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है और युवाओं व बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को जगाने की कोशिश की जाती है।

### गणेश स्पोर्टिंग क्लब के एथलिट प्रदीप कुमार ने जीते दो मेडल

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिपरवार।** झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा 12वीं झारखंड स्टेट ओपेन सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन 2 जून से 4 जून तक पाकुड़ जिला में किया गया गया था। इस प्रतियोगिता में गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ी प्रदीप कुमार ने 1500 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान एवं 800 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रौशन किया है। ज्ञात हो कि प्रदीप कुमार ने अब तक राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में कई मेडल जीत कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन कर चुके है। प्रदीप कुमार सबसे पहले गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय से प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू किया था। इसके बाद धीरे-धीरे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में शामिल होकर बेहतरीन प्रदर्शन करने लगे। इस खुशी मे गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के सचिव सह खेल शिक्षक गणेश कुमार महतो ने प्रदीप कुमार को बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## डीआइजी अनुप बिरथरे ने किया खलारी डीएसपी कार्यालय का निरीक्षण, दिये निर्देश

**सड़क लूट कांड, छिनतई, हत्या के मामलों के निष्पादन का निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** डीआईजी रांची रेंज अनूप बिरथरे ने खलारी डीएसपी कार्यालय का निरीक्षण किया। खलारी पहुंचने पर सार्जेंट के नेतृत्व में जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इससे पूर्व डीआईजी ने खलारी क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, खलारी सिमेंट फैक्ट्री की स्थिति सहित यहां जमीन संबंधी बातों की जानकारी लिया। वहीं खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी, खलारी थाना प्रभारी इंस्पैक्टर फरीद आलम, मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंगबहादुर सिंह, थाना प्रभारी चान्हो रंजय कुमार, थाना प्रभारी माण्डर विनय कुमार यादव ने उनका स्वागत करते हुए कार्यालय ले गये। निरीक्षण के क्रम में उन्होने डीएसपी कार्यालय के जर्जर हो रहे भवन को देखा । पिछले 13 वर्षो से डीआईजी लेवल का निरीक्षण लम्बित था। पिछले साल दो बार सिर्फ ग्रामीण एसपी ने निरीक्षण किया था। निरीक्षण में सड़क लुट कांडएडकैतीएछिनतईएहत्या आदि मामलों पर फोकस करने के साथ ही वर्ष 2017-18 में दर्ज मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया है। इस दौरान सभी थाना प्रभारी को केस डिस्पोजल करने का टार्गेट दिया। साथ ही अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले लोग व आम जनता से बात करने और अच्छे से व्यवहार करने का निर्देश दिया।

**नक्सलियों पर कार्रवाई की हुई चर्चा**

नक्सलवाद पर भी वार्ता कर कारवाई करने की बात कही। अंत में खलारी थाना के नये भवन सहित एसडीपीओ ऑफिस व उसके आवास के भेजे गये प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा कर जानकारी लिया। साथ ही कहा कि खलारी में नये थाना भवन व एसडीपीओ ऑफिस व आवास का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जायेगा। निरीक्षण करने के बाद अपराहन साढ़े तीन बजे वापस लौट गये।

# ओरमांझी के बसुआटोली में काट डाला 64 फलदार पेड़

**उजड़ गई आम की बागवानी, मामला दर्ज**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** क्षेत्र के बसुआटोली में 64 फलदार पेड़ काट दिए जाने से 1.30 एकड़ में लगे आम गाबवानी उजड़ गया है। सूचना मिलने पर ओरमांझी बीडीओ द्वारा जांच कराते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ ओरमांझी थाना में एमआईआर किया गया है। आम बागवानी के उजड़े निषान व कटे पेड़ अभी भी आसपास विखरे पेड़ पड़े हैं। गांव के लाभुक सुरेश महतो द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना 2018-19 के तहत खाता 81 की प्लाट 1442 की 1.30 एकड़ भुमि में आम बागवानी की गई थी। पिछले वर्ष पेड़ों में लगे आम बिक्री भी की गई थी। इस वर्ष भी पेड़ों में फल लगे थें। जिसे बिक्री करने से पूर्व पेड़ों को काटे जा रहे हैं। वहीं लाभुक द्वारा अज्ञात लोगों द्वारा पेड़ों को काटे जाने की शिकायत बीडीओ विजय सोनी से की गई है। लिखित शिकायत मिलने के बाद बीडीओ द्वारा सहायक अभियंता विमलेंदु शेखर, कनीय अभियंता रवि रंजन, बीपीओ दीपमाला तिर्की व पंचायत सचिव महेष भुइयां द्वारा बसुआ टोली जाकर स्थल जांच की गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद बीडीओ द्वारा त्वरित कार्रवायी करते हुए अज्ञात के विरूद्ध ओरमांझी थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

**पेड़ काटने से मेहनत हो गई बेकार**



पेड़ काटे जाने की पुष्टि करने हुए बीडीओ विजय सोनी ने इसपर अफसोस जताया और कहा आम बागवानी में विभाग का भी मेहतन लगा था। पेड़ों के कट जाने से सारा मेहनत बेकार चला गया। उन्होने बताया लाभुक सुरेष महतो की आम बागवानी योजना के तहत 3.20 लाख पास हुआ था। उसे पूरी मजदूरी 1.50 लाख व मेटेरियल सहित लगभग 2.16 लाख दिया जा चुका है। जांच रिपोर्ट के अनुसार लाभुक के बगान के 64 पेड़ काटा गया है। 88 पेड़ अभी बचे हुए हैं। वहीं लाभुक सुरेश महतो ने बताया कि वह लक्ष्मी महतो की मर्जी से उसके जमीन पर आम बागवानी की थी। लक्ष्मी महतो द्वारा लिखित आदेश मिला था। संबंधित पेपर ब्लॉक ऑफिस में जमा कर योजना लिया था। बदले में जमीन मालिक को आधा फल भी देता था। लाभुक आम बागवानी वाली भुमि में ड्रीप ऐरिगेशन सिस्टम लगा कर खेती भी करता है। बताया गया कि पिछले 17 मई से प्रति दिन दो चार पेड़ काटे जा रहे हैं।

STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND
Government of Jharkhand
e-procurement Notice inviting BID

Ref No: SHAJ/Proc/CW/Karkend-Putki/BCCL/2021 Date:05.06.2023

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites BID for **"Construction of bridge underpass NH-32, near Nehru Udyan between Karkend-Putki Bazar in Dhanbad."** The approximate cost of the work is Rs. 12.99 crore (Approx).
2. The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Bid document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **13.06.2023 (15:00 hrs) to 12.07.2023 (15:00 hrs).**
The complete BID Application shall be submitted online by **12.07.2023 (upto 15:00 hrs)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in. All the details regarding this BID will be available on the above mentioned website.
3. The contractors are required to submit non-refundable document fee of Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only) in the form of Demand Draft in favour of **" S H A J Agency Charge Fund "** payable at Ranchi & **Bid Security** of Rs.12.99 lacs (Rs. Twelve Lakh Ninety Nine Thousand) only in the form of Bank Guarantee from a Schedule Commercial Bank as per prescribed format. The document fee & Bid Security should be submitted to the office of undersigned latest by **13.07.2023 (upto 15:00 hrs).**
4. ***No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.***

Sd/- Member (Technical)
State Highways Authority of Jharkhand Ranchi Deen Dayal Nagar
(Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)
Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306,
E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com

PR 299246 State Highway Authority of Jharkhand(23-24)D

## स्पीड न्यूज

### छतरपुर में नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी फरार

**छतरपुर।** छतरपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत के सोनू राम नामक युवक ने 15 वर्षीय लड़की के घर में घुसकर दुष्कर्म किया। वहीं पीड़िता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी मिलते ही छतरपुर पुलिस छानबीन में जुट गई और आरोपी घर छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार पीड़िता अपने छोटी बहन और भाई के साथ घर में थी। मौका पाकर उसके पड़ोस में रहने वाला सोनू उसके घर में घुस गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इधर, ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी स्थानीय मुखिया को दिया। महिला थाना प्रभारी सोनी कुमारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म तथा पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज की गई है। उसे पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। पीड़िता बीमारी के कारण अपने माता-पिता को खोने के बाद मानसिक रूप से विक्षिप्त बहन को देखरेख तथा भाई का लालन पालन के लिए मजदूरी का कार्य करती थी।

### दो पत्रकारों के निधन पर छतरपुर में पत्रकारों ने जताया शोक

**छतरपुर पलामू।** पलामू प्रमंडल के दो पत्रकारों के निधन पर छतरपुर के पत्रकारों ने शोक सभा का आयोजन कर शोक व्यक्त किया। विदित हो कि हुसैनाबाद के हिन्दी दैनिक पत्रकार परमानंद चौधरी एवं मनिका के पत्रकार कौशल किशोर पांडे सड़क दुर्घटना में शनिवार को निधन होने के बाद पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। इस मौके पर अरविंद कुमार चुनमुन ने बताया कि परमानंद एक सुलझे हुए व्यक्तित्व के धनी मृदुभाषी मिलनसार व ईमानदार पत्रकार थे। वहीं कौशल किशोर के निधन पर शोक जाहिर करते हुए बताया कि इनके निधन से पत्रकारिता जगत को काफी क्षति हुआ है। उन्होंने कहा कि इन दोनों पत्रकारों को असामयिक खोना पत्रकार जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक सभा में शामिल स्थानीय सभी पत्रकारों ने 1 मिनट का मौन धारण कर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए नम आंखों से उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया। शोक सभा में निखिल सिन्हा, राजीव सिन्हा,असगर हुसैन, पंचम कुमार, मित्तल सिंह, सुरेंद्र कुमार, नीरज कुमार, चंदन कुमार, अजीत कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह का नाम शामिल है।

### रेल लाइन व अल्युमिनियम कारखाना के लिए धरना आज

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) गुमला इकाई के द्वारा गुमला को रेल लाइन से जोड़ने व गुमला-लोहरदगा जिला के सीमांत पर अल्युमिनियम कारखाना निर्माण का कार्य शुरू करने की मांग को लेकर 6 जून को जिला मुख्यालय गुमला में धरना दिया जाएगा। धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे। यह ज नकारी जेएनडी के शंकर उरांव ने दी है।

### बाईक से गिरकर ग्रामीण घायल

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के जयपुर गांव के समीप सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में बाईक सवार जमाई गांव निवासी मेराजुल खान पिता स्व हुसैन खान उम्र 42 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए चैनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मेराजुल अपने निजी काम से मडयकोना गांव आया हुआ था। जिसके बाद वापसी में जयपुर गांव के समीप रोड किनारे जाली तार वाला घेरा में फंस कर गिर गया। जिससे उसके कंधे सिर एवं पैरों में गंभीर चोटे लगी है। इधर ग्रामीणों की मदद से उसे चैनपुर अस्पताल पहुंचाने के बाद डाक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला भेज दिया।

### मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**गुमला।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एन. एस. एस.) के अंतर्गत मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय गुमला में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर वृक्षारोपण एवं महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं कार्यक्रम में एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों, विद्यार्थीगण एवं कर्मचारियों को विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में जागरूक किया गया । उन्हें पर्यावरण को दूषित न करने, प्लास्टिक के बोतल, चिप्स या अन्य खाद्य पदार्थो के रेपर को हमेशा कचरे पेटी में डालने, पानी का अनावश्यक बबार्दी को रोकने, बिजली या प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपयोग करने और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की बात कही गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सह-प्राध्यापक डॉ ओम प्रवेश कुमार रवि, डॉ प्रशांता जाना, डॉ. गुलशन कुमार, श्री संजय नाथ पाठक के साथ-साथ सभी सह-प्राध्यापक एवं अन्य सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### नाबालिक युवती से सामुहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के अरमई बेहराटोली स्थित आम बगीचा में नाबालिक युवती के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिसमें दो अभियुक्त नाबालिक है। गिरफ्तार अभियुक्त धोधरा गांव निवासी 19 वर्षीय ब्रिज मिंज है। जिसे पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में सोमवार को प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि एसपी के निर्देश पर कांड के उदभेदन के लिए थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के अथक प्रयास से कांड के अभियुक्त ब्रिज मिंज को धोधरा स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया जबकि दो नाबालिक को निरूद्ध किया गया। छापामारी अभियान में पुअनि संचित कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने घाघरा प्रखंड का किया दौरा

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के आदर पंचायत में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव एस चंद्रशेखर सोमवार को पहुंचे। इस दौरान बीडीओ ने सचिव को पौधा भेंट कर उनका अभिनंदन किया। सचिव ने आदर पंचायत में चल रहे बिरसा हरित ग्राम योजना, डोभा निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। सचिव कच्ची पथ पर मोटरसाइकिल में बैठकर योजनास्थल तक पहुंचे। डोभा की उपयोगिता एवं लाभ के संबंध में मजदूर, मेट व रोजगार सेवक से जानकारी लिये। योजना स्थल पर छाया की व्यवस्था, पीने का पानी, योजना बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया। दस दिनों के अंदर बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत गड्ढा खुदाई का कार्य पूरा करने का निर्देश भी दिया है। साथ ही कर्मियों को निर्देश दिया है कि पंचायत में जमीनी स्तर पर काम हो इसे ध्यान में रखते हुए पंचायत का विजिट करना सुनिश्चित करे। मौके पर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव एस चंद्रशेखर, बीडीओ, बागवानी मित्र, तमाम अधिकारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# 14 सूत्री मांगों को लेकर मजदूरों -कर्मचारियों का श्रम भवन के समक्ष प्रदर्शन आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीति और झारखंड सरकार के नौकरशाहों के कार्पोरेट परस्त रवैये से उपजे मुद्दों से जुड़े 14 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड के मजदूर व कर्मचारी 6 जून, मंगलवार को श्रम भवन के समक्ष विशाल प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन के पूर्व डोरंडा के श्रीकृष्ण सिंह पार्क से एक रैली भी निकाली जाएगी।

सीटू झारखंड राज्य कमिटी के आह्वान पर आयोजित हो रहे इस विरोध प्रदर्शन के संबंध में झारखंड सीटू के महासचिव बिश्वजीत देब ने मीडिया को बताया कि आज जनता के साथ-साथ देश की स्थिति चिंताजनक एवं गंभीर है। केंद्र की मौजूदा नीतियां न केवल मजदूर, किसान और जनविरोधी है, बल्कि राष्ट्रविरोधी भी है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ देश की एकता और अखंडता भी प्रभावित हो रही है। देश की मेहनतकश जनता बेरोजगारी एवं मंहगाई के साथ-साथ कल्याणकारी योजनाओं ,सामाजिक सुरक्षा और सब्सिडी के लिए बजटीय आवंटन में लगातार कमी की मार झेल रही है।

सीटू के कार्यकारी अध्यक्ष भवन सिंह ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार की घोषणाओं के बावजूद यहां के कारपोरेट प्रभावित नौकरशाहों के मजदूर विरोधी रवैये के कारण, स्थाई रोजगार में भारी गिरावट तथा अनुबन्धित कर्मचारी, आउटसोर्स कर्मचारी , जीआइजी वर्कर, प्रवासी मजदूर, स्व-नियोजित युवा आदि कामगारों के बढ़ते संख्या तथा बिगड़ती कामकाजी परिस्थितियों के बावजूद, ईपीएफ, ईएसआई, मातृत्व लाभ सह अन्य सामाजिक सुरक्षा और कानूनी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक पहल की भारी कमी गहरी चिंता की विषय बनी हुई है। एक तरफ सार्वजनिक क्षेत्र और बड़े औद्योगिक घरानों में भी स्थाई प्रकृति का काम ठेका श्रमिकों के माध्यम से कराया जाता है तो वहीं छोटे ठेकेदारों से लेकर बड़े उद्योगपतियों द्वारा श्रम कानूनों का सरेआम उल्लंघन किया जा रहा है। दूसरी ओर न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण, सभी श्रेणियों के कामगारों को अनुसूची में सूचीबद्ध करने और अधिसूचनाओं के कार्यान्वयन के क्षेत्रों में घोर कमी व्याप्त है, जिससे कामगारों के लिए संकट पैदा हो गया है, पीड़ित मजदूरों को न्याय पाने की विलंबित प्रक्रिया एक क्रूर सच्चाई है।

इस मौके पर कोषाध्यक्ष अनिर्बन बोस ने नीतिगत कमी और प्रशासनिक उदासीनता के कारण असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, श्रम कानूनों के दायरे में नहीं आने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित युवा के सामने अपने जीवन और आजीविका पर संकट का सामना करने की बात कही। वहीं राज्य कमेटी सदस्य प्रतीक ने आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका, मिड डे मील वर्कर तथा सहिया कामगारों को सामाजिक एवं कानूनी सुरक्षा तथा न्यूनतम मजदूरी जैसे अधिकारों से वंचित रखे जाने पर चिंता जताई।

# स्वर्णरेखा-खरकई को स्वच्छ बनाना मेरा लक्ष्य : सरयू राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने शहर की लाइफलाइन कही जाने वाली खरकई व स्वर्णरेखा नदी को उद्योगीक और नगरीय प्रदुषण से मुक्त कराने के लिए मानगो स्थित गांधी घाट में विभिन्न राजनितिक दल, सामाजिक संगठनों के लोगों एवं समर्थकों के साथ सांकेतिक धरना दिया। खरकई व स्वर्णरेखा बचाओ समिति के बैनर तले आयोजित धरना प्रदर्शन में सरयू राय ने नदी की वर्तमान बदहाल स्तिथि के कारणों पर चर्चा करते हुए कहा कि 1960-1970 के दशक में जब अमेरिका में उद्योगों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई और प्रदुषण का स्तर एकाएक बढ गया तब विश्व में सन 1973 में दिनांक 5 जुन को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। राय ने कहा कि खरकई और स्वर्णरेखा नदी के कारण ही जमशेदपुर में टाटा स्टील का कारखाना स्थापित हुआ। आज टाटा स्टील का कारखाना 50 गुना अधिक बढ़ गया है लेकिन नदियों के विकास के लिए कोई ठोस

### नदियों की बदहाली के खिलाफ सामाजिक लोगों के साथ धरने पर बैठे विधायक

नीति आज तक नहीं बनी। वर्ष 2008-2009 से नगरपालिकाओं द्वारा कंसल्टेंट बहाल करने और डीपीआर बनाकर नदियों को स्वच्छ करने के दावे किए जाते रहे किंतु कोई कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। जब वर्ष 2005 में वे (सरयू राय) पहली बार जमशेदपुर के विधायक निर्वाचित होकर आए उन्होनें स्वर्णरेखा नदी की जांच के लिए नमूना संग्रह किया तब कुछ राजनितिक दलों के लोगों ने उनके कार्य का उपहास उड़ाया था। आज 18 वर्ष बाद नदी की स्थिति बद से बदतर हो गई है। शहर के जो नाले बहते है उनका गंदा पानी बिना साफ किए सीधे नदी में प्रवाहित होता है। राय ने कहा कि आज नदियों के किनारे एक बड़ी आबादी की बसाहट हो गई है और नदी के दुषित होने से सबसे अधिक नुकसान इसी बसाहट को है। हमारा यह प्रयास रहना चाहिए की हमारे घरों की गंद्री नालों में कम जाए और नालों की गंद्री नदियों में नहीं जाए। जमशेदपुर के आसपास जितनी भी बसाहट है सबको मिलाकर विकास का एक ढांचा बनाकर कार्य करना होगा तभी वृहत और ग्रेटर जमशेदपुर की परिकल्पना साकार होगी और इसी दिशा में नदियां भी अविरल और निर्मल बन पायेगी। राय ने कहा कि वे इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए सरकार से दोनो जिला के अधिकारियों की बैठक बुलाकर नदियों के विकास के लिए नीति निर्धारित करने की मांग करेंगे। खरकई यात्रा का भी आगाज किया जाएगा।

श्री राय ने जमशेदपुर कि जनता और पर्यावरण प्रेमियों से अपिल की वे अपने निज जीवन, सोशल मिडिया में 'मैं भी पर्यावरण प्रहरी' हैषटैग मुहिम चलाए और एक वर्ष का लक्ष्य निर्धारित कर नदियों को साफ कराने के लिए कार्य करने का संकल्प ले। राय ने कहा कि जिस खरकई और स्वुर्णरेखा नदी के वरदान से यह शहर और उद्योग बना आज यही उद्योग और शहर दोनों नदियों के लिए भस्मासुर बन गए हैं। नदियों को बचाने के लिए जनता को स्वयं आगे आना होगा।

# रेलवे निर्माण साईट पर हमला व आगजनी मामले का खुलासा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के गांव फुलवरिया में बीते 31 मई को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एक दर्जन सदस्यों के द्वारा जमकर गोली बारी, गार्ड, मजदूरों के साथ मारपीट एवं पोकलेन मशीन में आगजनी कर जमकर उत्पात मचाया गया था। जिसमें टंडवा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिसका टंडवा थाना कांड सं.105/2023 का महज 4 दिनों के अंदर उक्त घटना का उद्भेदन करते हुये सोमवार को डीएसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर टीएसपीसी से जुड़े दस उग्रवादी संगठन सदस्यों की पहचान एव तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने की जानकारी दिया गया।प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से डीएसपी शंभु कुमार सिंह ने बताया की फुलवरिया कढ़नि नदी पर आईएससी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा रेलवे पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है।वही बीते 31 मई को करीब 1 बजे दस से बारह की संख्या मे अपराधियो के द्वारा हथियार से लैश होकर चार से पांच राऊँड फायर करते हुये कार्य स्थल पर उपस्थित गार्ड एवं मजदूरो से मारपीट कर कार्य में लगे पोकलेन को जला दिया गया था।जहाँ प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी सबजोनल कमिटी के नाम से पर्चा कार्य स्थल पर फेंका गया था। उक्त घटना के चार दिन बाद उद्भेदन कर लिया गया है। चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा टंडवा डीएसपी शंभु कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष एसआईटी का गठन किया गया।उक्त टीम के द्वारा अनुसंधान करते हुये तकनीकी सहयोग से लगातार छापामारी की गयी। तथा कांड का उद्भेदन करते हुए संलिप्त कुल 3 अपराध कर्मियों को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त जेएच 13जे 0775 मोटरसाइकिल संजय कुमार गंझु के घर से एवं प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का 6 पर्चा मनोज गंझु के घर से बरामद किया गया है।

# छह जिलों में अग्निशमन विभाग की बिल्डिंग की होगी मरम्मत

### 4.34 करोड़ की आएगी लागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** 4.34 करोड़ की लागत से छह जिलों में अग्निशमन और होमगार्ड विभाग के जर्जर भवनों का मरम्मत होगा। इन दोनों विभाग के कई भवन जर्जर हालत में हैं। ऐसे भवनों की मरम्मत कार्य और विद्युतीकरण कार्य योजना का काम किया जाएगा।

**कहां- कहां होगा काम**

- गढ़वा जिला में अग्निशमालय सह आवासीय भवन की मरम्मत 81.63 लाख की लागत से होगा।
- दुमका जिले में होमगार्ड परिसर में वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण, निरीक्षण भवन के लिए जलापूर्ति और स्वच्छता प्रबंधन, पथ निर्माण और पानी टंकी का निर्माण 90.76 लाख की लागत से होगा।
- हजारीबाग जिले में अग्निशमालय भवन का मरम्मत 26.59 लाख की लागत से होगा कार्य।
- बोकारो के चास में अग्निशमालय सह आवासीय भवन की मरम्मत 41 लाख की लागत से होगा।
- देवघर में होमगार्ड प्रशासनिक भवन का मरम्मत 91लाख की लागत से होगा।
- गढ़वा जिला में होमगार्ड परिसर में वर्षा जल संचय भूमि विकास और विद्युतीकरण कार्य योजना 13 लाख की लागत से होगा।
- कोडरमा अग्निशमालय सह आवासीय भवन की मरम्मत 90.27 लाख की लागत से होगा।

# गुमला में पदस्थापित 22 सहायक अवर निरीक्षकों को मिली प्रोन्नति



प्रोन्नति प्राप्त अवर निरीक्षकों के साथ एसपी व डीएसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला में पद स्थापित 22 सहायक पुलिस अवर निरीक्षकों को पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति प्रदान की गई है। जिन्हें सोमवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. ऐहतेशाम वकारिव ने स्टार लगाकर सम्मानित किया। जिनको प्रोन्नति मिली है उनमें पुअनि मनसा सिंह, पुअनि अनिल कुमार सिंह, पुअनि सुद्धेश्वर राम, पुअनि सोईबुर रहमान, पुअनि लखनलाल कर्ण, पुअनि जगनंदन प्रसाद, पुअनि हरिशंकर राय, पुअनि दिनेश पासवान, पुअनि सरयु प्रसाद, पुअनि राजेश्वर प्रसाद यादव, पुअनि दुधनाथ सिंह, पुअनि सत्यदेव राम, पुअनि योगेंद्र दास, पुअनि महेंद्र पासवान, पुअनि गणेश चौड़े, पुअनि जोगु टुडू, पुअनि रतनलाल मुर्मू, पुअनि अशोक कुमार सिंह, पुअनि भगवान प्र. गौड़, पुअनि रामा शंकर प्रसाद, पुअनि कमलेश कुमार रसाल के नाम शामिल है।

## एक नजर में

### वृक्ष प्रकृति का गहना है, पौधरोपण पुनित कार्य है: पीडीजे

**गुमला।** विश्व पर्यावरण दिवस पर व्यवहार न्यायालय परिसर गुमला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री संजय कुमार चंधरियावी ने पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में एडीजे वन, एडीजे फोर ,सीजेमए, एसडीजीएम, तथा अन्य न्यायिक पदाधिकारी ने भी न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया। मौके पर पीडीजे श्री चंधरियावी ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का गहना है तथा वृक्षारोपण हमारा पुनीत कृत्य है। एक वृक्ष एक पुत्र के समान होता है । इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि ऋग्वेद मे भी पर्यावरण का महत्व का वर्णन है । कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण करने पर जोर दिया ताकि प्राकृतिक में संतुलन बना रहे । कार्यक्रम में एडीजे वन श्री डीसी अवस्थी, एडीजे फोर श्री अंजनी अनुज, सीजीएम मनोज शर्मा , डालसा सचिव पार्थसारथी घोष, एसीजीएम मनोरंजन कुमार , एसडीजीएम निर्मला बरला, न्यायिक पदाधिकारी प्रणव कुमार ,जयास्मिता कुजूर , अधिवक्ता बुंदेश्वर गोप, मनीषी कुमार ,आशा बरला आदि उपस्थित थे।

### पौधों के बिना जीवन की कल्पना नही : सर्वेश्वर सिंह

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ कैंप में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चैनपुर जिप सदस्य, मुखिया एवं कई प्रबुद्ध जनों ने विभिन्न प्रकार के फलदार पौधा का रोपन किया। मौके पर उपस्थित सीआरपीएफ 218 बटालियन के कंपनी कमांडर सर्वेश्वर सिंह ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। आज हम सभी लोगों को पर्यावरण दिवस के मौके पर पेड़ों को लगाना और उन्हें सुरक्षित रखने की शपथ लेने की जरूरत है। पेड़ की कटाई के कारण ही गर्मी बढ़ रही है और जलस्तर भी नीचे होता जा रहा है। इसी को लेकर सीआरपीएफ के द्वारा 1500 सौ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है और जनप्रतिनिधियों एवं लोगों से अपील की जा रही है कि वे अपने क्षेत्रों में पेड़ों की कटाई पर रोक लगायें। अपने अपने घरों में एक पौधा जरूर लगायें। वहीं इस कार्यक्रम के बाद उड़ीसा के बालासोर में हुए दर्दनाक ट्रैन हादसे में मारे गए लोगों के आत्मा की शांति के लिए प्राथना की गई। इस अवसर पर सीआरपीएफ के गुरूदास चक्रवर्ती, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह सहित सी आर पी एफ के जवान मौजूद थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**गुमला।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार को जिला प्रशासन के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त हेमंत सती सहित कई अधिकारी शामिल हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रैली अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से आरंभ हुई जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एस.एस.+2 गर्ल्स हाई स्कूल में समाप्त हुई। रैली का शुभारंभ उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा कर किया। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों एवं पदाधिकारियों ने पर्यावरण बचाना है , जीवन स्वास्थ्य बनाना है, प्लास्टिक हटाना है, पर्यावरण को सुरक्षित बनाना है जैसे कई जागरूकता के नारे लगाया एवं लोगों को जागरूक किया। रैली के समाप्त होने के पश्चात उपायुक्त ने एसएस+2 गर्ल्स हाई स्कूल में सभी को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रदूषण मुक्त जीवन शैली अपनाने की शपथ दिलवाई। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात उपायुक्त ने सभी स्कूली विद्यार्थियों के हाथों एसएस+2 विद्यालय परिसर में पौधा रोपण करवाया ताकि बच्चों में पर्यावरण को लेकर लगाव बढ़ सके। वहीं विद्यालय में पुलिस कर्मियों ने भी पौधा रोपण कर समाज को सुरक्षित करने का संदेश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त , जिला शिक्षा अधीक्षक ,जिला खेल पदाधिकारी , जिला कल्याण पदाधिकारी , सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं , शहर के प्रबुद्ध नागरिक एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे ।

बीडीओ सुमन गुप्ता ने प्रखंड के सभी क्षेत्रों में घूम घूम कर स्कूल पंचायत भवन व मंदिर के सामने पौधारोपन किया।

### थाना में किया गया पौधारोपण

**जारी।** जारी प्रखंड कार्यालय और थाना परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ सुमन गुप्ता, अंचलाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, थाना प्रभारी मनीष कुमार, अंकु उज्जवल कुमार, दीवाना राणा के द्वारा पौधरोपण किया गया।

# युवा राजद कार्यकताओं-नेताओं ने मनाया संपूर्ण क्रांति दिवस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** युवा राष्ट्रीय जनता दल ने सोमवार को पूरे राज्य में संपूर्ण क्रांति दिवस मनाया। वहीं, रांची स्थित प्रदेश मुख्यालय में भी युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर रंजन कुमार ने कहा कि पार्टी मुख्यालय समेत जिला और प्रखंड कार्यालय में भी संपूर्ण क्रांति दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में लोकनायक जयप्रकाश नारायण को याद किया गया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद कई समस्याएं आयी और इन्हीं समस्याओं को सुलझाने का काम जयप्रकाश नारायण ने किया। इन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव आगे बढ़ रहे हैं। लालू यादव ने संविधान को मजबूती के साथ लागू किया गया और सामाजिक भेदभाव को मिटाने का काम किया गया। हालांकि बीजेपी सरकार के शासनकाल में एक बार फिर देश के माहौल को खराब करने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर विवेक यादव, प्रेम कुमार, अभिषेक, जितेंद्र यादव, सूरज, अनु कुमार राम, विकास, रोहित, राजा, राजीव, इम्तियाज अहमद, गुड्डू नायक, आनंद कुमार महतो, महबूब सुभानी, अनीश बनर्जी, दीपक कुमार, ललन यादव, रोहित, राजा यादव, सोहन लाल, अंश कुमार और संजय कुमार ने युवा राजद की सदस्यता ग्रहण की।

**कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी**

संपूर्ण क्रांति दिवस में डॉ अविनाश उपाध्यक्ष, शौकत अंसारी, क्षितिज मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, गायत्री देवी, शहनाज खातून, विजय राम, मोईन अंसारी, अरशद अंसारी, अभिषेक यादव, रामकुमार यादव, अजय यादव, ममता कुजूर, उर्मिला सोरेन, सुबोध पासवान समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

### कई पदाधिकारियों ने किया पौधरोपण

**लोहरदगा।** विश्व पर्यावरण दिवस-2023 के मौके पर मेरी लाईफ-लाईफ स्टाईल फॉर इनवायरोमेंट अभियान अंतर्गत सोमवार को समाहरणालय परिसर, कोर्ट परिसर, बीएस कॉलेज परिसर, सिठियो स्थित विद्यालय परिसर और न्यु पुलिस लाईन परिसर में पौधरोपण किया गया। समाहरणालय परिसर, लोहरदगा में पौधरोपण उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

# राज्यपाल आज लोहरदगा में, आंगनबड़ी केंद्र के लाभुको से करेंगे संवाद

**खबर मंत्र संवाददाता**



बैठक करते डीसी

**लोहरदगा।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मंगलवार को लोहरदगा पहुचेंगे। राज्यपाल के भ्रमण को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा राज्यपाल, झारखंड के लोहरदगा भ्रमण कार्यक्रम संबंधी विभिन्न दायित्वों का प्रभार पदाधिकारियों को दिया गया। भ्रमण में राज्यपाल का भ्रमण सदर प्रखण्ड के भक्सो और रामपुर में होना है। इस दौरान राज्यपाल द्वारा भक्सो ग्राम में मनरेगा अंतर्गत बागवानी स्थल का भ्रमण व लाभुकों से बातचीत की जाएगी। इसके बाद रामपुर ग्राम में आंगनवाड़ी केंद्र के लाभुकों से बातचीत की जाएगी और रामपुर पंचायत भवन का निरीक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में राज्यपाल स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से बातचीत करेंगे और हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण करेंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमण्डल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, सिविल सर्जन, नजारत उपसमाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक दण्डाधिकारियों व सदर प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को तैयारियों से संबंधित आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

